# एसआईआर के फार्म भरवाने कलेक्टर उतरीं मैदान में



## मतदाता चौपाल लगाई ऑनलाइन जमा कराए फार्म

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 18 नवम्बर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को गति दी जा रही है। जिलेभर में मतदाता चौपाल एवं विशेष शिविर लगाकर मतदाताओं के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। बीएलओ, सुपरवाइजर और कंप्यूटर ऑपरेटर वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में यह काम कर रहे हैं।

मंगलवार देर शाम विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व के अंतर्गत डीबी सिटी परिसर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान की मौजूदगी में मतदाता चौपाल सह शिविर लगाया गया।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने मतदाताओं को एसआईआर के तहत ऑनलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई। साथ ही फॉर्म भी भरवाए। उन्होंने कहा कि फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ, जनमित्र केन्द्र, लोक सेवा केन्द्र, एमपी ऑनलाइन सेंटर या चौपाल में मौजूद सहायता केन्द्र से मदद ले सकते हैं। डीबी सिटी में लगे शिविर में एसडीएम श्री अतुल सिंह भी मौजूद थे।

चौपालों और शिविरों में वर्ष 2003 की मतदाता सूची एवं वर्तमान मतदाता सूची को मेपिंग हेतु रखा गया है। बीएलओ द्वारा वर्ष 2003 की सूची में दर्ज मतदाताओं एवं उनके नजदीकी रिश्तेदारों के नाम पहचानने में भी सहायता की जा रही है।

साथ ही मौके पर ही ईएफ डिजिटाइजेशन का कार्य भी कराया जा रहा है, जिससे एसआईआर प्रक्रिया को गति मिल सके।

### शिकायतों के निराकरण के लिये पाठक नोडल अधिकारी बने

जिले में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत किए जा रहे एसआईआर ( मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य से संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिये विशेष व्यवस्था की गई है।सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री राहुल पाठक को शिकायतों का निराकरण कराकर निर्वाचन आयोग को प्रतिवेदन भेजने के लिये नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही उनके अधीन चार शासकीय कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

### 2003 की सूची में नाम पता लगाने में एमपी ऑनलाइन भी करेंगे सहयोग

वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अपना या अपने परिजन का नाम पता लगाने में लोक सेवा केन्द्र, सीएससी ( कॉमन सर्विस सेंटर ) एवं एमपी ऑनलाइन सेंटर भी मतदाताओं की मदद करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकार की पहल पर इन सेंटरों के संचालक एसआईआर कार्य में सहयोग देने के लिये आगे आए हैं। इस सिलसिले में अपर जिला दण्डाधिकारी श्री सी बी प्रसाद ने एमपी ऑनलाइन के संभागीय प्रबंधक व सीएससी प्रबंधकों एवं एमपी ऑनलाइन सेंटर के प्रतिनिधियों की बैठक ली थी। जिसमें एमपी ऑनलाइन सेंटर व सीएससी सेंटर के संचालकों ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम ढुंढवाने में मदद करने का भरोसा दिलाया है।

### ईएफ डिजिटाइजेशन में बीएलओ नवाब सिंह धाकड़ जिले में टॉप पर

जिले में चल रहे एसआईआर (मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण) के तहत ईएफ डिजिटाइजेशन में वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र भितरवार के मतदान केन्द्र क्रमांक-1 के बीएलओ श्री नवाब सिंह धाकड़ पूरे जिले में पहले स्थान पर हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने पूरी कर्तव्य परायणता के साथ एसआईआर कार्य करने के लिये श्री धाकड़ सहित जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे बीएलओ को शाबाशी दी है। मंगलवार 18 नवम्बर तक भितरवार विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-1 के बीएलओ श्री नवाब सिंह धाकड़ द्वारा अब तक 78 .65 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो जिले में सर्वाधिक है।



जैन मार्बल
एंड
कोटा स्टोन
हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है
डॉ. विनोद जैन
9425360508
पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460






# हॉस्पिटल में बच्चे की मौत परिजनों ने किया हंगामा

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 18 नवम्बर।** जिंसी नाला स्थित शिवजी हॉस्पिटल में मंगलवार सुबह पांच वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को सोमवार रात को भर्ती कराया गया था जिसने सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत होने के बाद वहां परिजनों ने हंगामा करना शुरु कर दिया और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया। हंगामे की बात पता चलते ही पुलिस अस्पताल पहुंच गई और हालात को संभाला। गुड़ा-गुड़ी का नाका पर रहने वाले भदौरिया परिवार का पांच वर्षीय बच्चा पिछले 10 दिन से बीमार चल रहा था। उसे बुखार आ रहा था। परिजनों ने बच्चे को बेहतर इलाज के लिए शिवजी अस्पताल में सोमवार रात को भर्ती कराया था, जहां मंगलवार को उसने दम तोड़ दिया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के फेंफड़ों में बहुत इंफेक्शन था, जिससे बच्चे की मौत हो गई।

## एडीएम सीबी प्रसाद की धर्मपत्नी का दुखद निधन



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 18 नवम्बर.** ग्वालियर में पदस्थ अपर कलेक्टर एडीएम श्री सी बी प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती ममता प्रसाद का हार्ट अटैक से मंगलवार 18 नवंबर को निधन हो गया। श्रीमती ममता प्रसाद की अंतिम यात्रा बुधवार सुबह 11 बजे मेला रोड स्थित शासकीय आवास क्रमांक 34 से मुरार मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी। श्रीमती ममता प्रसाद के दुखद निधन पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने दुख व्यक्त करते हुए अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

**बुधवार को सुबह होगी अंत्येष्टि**

# बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर थमा दिए नकली गहने

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 18 नवम्बर।** शातिर बदमाशों ने बुजुर्ग महिला को झांसे में लेकर उनके सोने के जेवरात उतरवा लिए और रफू चक्कर हो गए। महिला कई घंटे तक बदमाशों का इंतजार करती रही, लेकिन जब बदमाश वापस नहीं आए तो माधौगंज थाने पहुंची और पुलिस को घटना से अवगत कराया। महिला के साथ दिनदहाड़े वारदात होने की जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हुई और तुरंत एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरु की। कविता ओठवानी 62 वर्ष निवासी कृष्णा कॉलोनी सिकंदर कम्पू 2 नवंबर को काम से बाड़े गई थीं। काम निपटाकर दोपहर में वह पैदल - पैदल रॉक्सी पुल की तरफ जा रही थीं, उसी दौरान एक लड़का उनके पास आया और कहने

लगा कि वह रास्ता भूल गया है और उसे मुरैना जाना है। युवक कविता ओठवानी से बात करने लगा, इस दौरान उसने बताया कि वह डबरा में रहता है और वहीं काम करता है। जहां काम करता था उसने काम से निकाल दिया। युवक के पास पांच सौ रुपए के नोटों की गड्डी थी। कविता ओठवानी से बात करते हुए युवक रॉक्सी पुल जाने वाली सड़क के पास हनुमान मंदिर है तक पहुंचा। वहां एक युवक और मिला दोनों ने इस तरह के हालात बना दिए कि कविता ओटवानी उनके झांसे में आ गईं। शातिर बदमाशों ने कविता ओठवानी से सोने की चेन, चूड़ियां, कड़ा उतरवा कर एक रूमाल में रख लिए और रूमाल वापस कर दिया। बदमाश कह गए कि वह कुछ देर बाद आते हैं तब तक वहीं रहना। कविता ओठवानी काफी देर तक वहीं बैठी रहीं पर जब युवक वापस नहीं आए तो वह माधौगंज थाने पहुंची और घटना की जानकारी दी।

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात-** बुजुर्ग महिला के साथ ठगी होने की बात पता चलते ही एक पुलिस टीम मौके पर भेजी गई। पुलिस ने आस-पास लगे सीसीटीवी देखे तो पूरी घटना उसमें कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों को पकड़ने के लिए कड़ी से कड़ी जोड़ रही है।

**इनका कहना है**

बुजुर्ग महिला के साथ ठगी करने वाले बदमाशों की करतूत सीसीटीवी में कैद हुई है। जांच में साइबर टीम की मदद ली गई है, जिससे बदमाश जल्द पकड़े जाएंगे।

**दिव्या तिवारी**
**थाना प्रभारी, माधौगंज**


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
उन्नत कृषि, समृद्ध किसान
विकसित भारत का निर्माण
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा
पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के तहत
₹18,000 करोड़ से अधिक की सम्मान राशि
9 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे ट्रांसफर एवं
दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट 2025 का उद्घाटन
19 नवम्बर, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | कोयम्बत्तूर, तमिलनाडु

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
- किसानों के खातों में तीन समान किस्तों में **प्रतिवर्ष ₹6,000** की सीधी सहायता
- अब तक **₹3.90 लाख करोड़ से अधिक की राशि** सीधे **किसानों** के बैंक खातों में ट्रांसफर
- पीएम किसान के लाभार्थियों में **25% महिला किसान**
- विश्व की सबसे बड़ी **डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांफसर (DBT)** योजनाओं में से एक
- पीएम किसान के **85%** से अधिक लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान

कृषि में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ
- बीते 11 वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन 246 मिलियन टन से बढ़कर **354 मिलियन टन** हुआ
- **25 करोड़** से अधिक **सॉइल हेल्थ कार्ड**
- **100 लाख हेक्टेयर** में सूक्ष्म सिंचाई
- **₹2 लाख करोड़** की फसल बीमा सहायता
- राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत **55 हज़ार** से अधिक किसानों का प्रमाणीकरण
- पिछले 11 वर्षों में कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह ₹ 6.35 लाख करोड़ से बढ़कर करीब **₹16 लाख करोड़** हुआ
- नई तकनीक, एफपीओ, किसानों की डिजिटल आईडी, पीएम आशा और एआईएफ के साथ ग्रामीण भारत में बड़ा सकारात्मक बदलाव

कृषि क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश
- ₹24,000 करोड़ की राशि से **प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना** संचालित
- ₹11,440 करोड़ की राशि से **दलहन आत्मनिर्भरता मिशन** को प्रोत्साहन
- पिछले 11 वर्षों में कृषि बजट में लगभग **5 गुना** बढ़ोतरी, ₹22,000 करोड से बढ़कर **₹1.27 लाख करोड़** हुआ
- पिछले 11 वर्षों में लगभग **₹14 लाख करोड़ की उर्वरक सब्सिडी** से किसानों को सही समय और किफायती दामों पर खाद की आपूर्ति

CBC 01102/13/0007/2526

बीज से बाजार तक भारत सरकार किसानों के साथ



कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़, डीडी किसान चैनल www.youtube.com/@AgriGoi पर देखें
फॉलो करें: @AgriGoI
अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करें


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95